INDIAN CANCER SOCIETY

RISE AGAINST CANCER

लक्षण करें कैंसर से सावधान। आगे रहने के लिए दीजिए ध्यान।

कैंसर के बारे में एक बात समझनी ज़रूरी है कि आम कैंसर की बीमारी एकदम से नहीं होती है। इसके कुछ लक्षण होते हैं जो पहले से नज़र आने लगते हैं। इनपर ध्यान दे कर और सही समय पर जांच करवा कर इससे आगे रहा जा सकता है। ऐसे ही कुछ लक्षणों के बारे में आज हम आपको बताएंगे ताकि आप सतर्क रह सकें।

मुँह के छाले

यदि मुँह के छाले बहुत दिनों तक ठीक न हों या मुँह के अंदर अथवा जीभ पर लाल या सफ़ेद धब्बे दिखें तो जा कर मुँह के कैंसर की जांच करवाने में समझदारी है। इन लक्षणों का उन लोगों को खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए जो रोज़ ही सिगरेट, तम्बाकू, या शराब का सेवन करते हैं।

शरीर में गांठ होना

अगर शरीर के किसी हिस्से में कोई गांठ बहुत दिनों तक बनी रहे या बढ़ती जाए तो उसकी जांच ज़रूर करवा लीजिए। तब भी जब उसमें कोई दर्द न हो या किसी प्रकार की असहजता न महसूस हो।

खून का असामान्य बहाव या रिसाव

शरीर से बिना किसी चोट या वजह के जब खून आए तो उसे अनदेखा न करें। मल (स्टूल) में खून आना पेट या बड़ी आंत के कैंसर का लक्षण हो सकता है। ठीक ऐसे ही योनि से असामान्य तरीके से खून आना गर्भाशय ग्रीवा (सर्विकल) कैंसर हो सकता है। इसी तरह अगर निप्पल से खून आए या रिसाव हो तो ब्रेस्ट कैंसर की जांच करवानी चाहिए।

तिल या मस्से में स्पष्ट बदलाव

तिल या मस्से के रंग, आकार या माप में वृद्धि होना कैंसर के सूचक हो सकते हैं।

गले का बैठना, खांसी या निगलने में कठिनाई

बहुत दिनों तक और लगातार खांसी होने, गले के बैठने या खाना-पानी निगलने में कठिनाई महसूस होने पर एक बार डॉक्टर की सलाह ज़रूर लें और जांच के लिए जाएं।

मल (स्टूल)-मूत्र त्याग में बदलाव

कब्ज़ या दस्त की समस्या अगर लम्बे समय तक बनी रहे या मल (स्टूल) में बदलाव दिखे तो आप इसे अनदेखा न करें। वहीं पेशाब करने में दर्द होना, खून आना या हर थोड़ी देर में पेशाब करने की ज़रूरत महसूस होना ब्लैडर या प्रोस्टेट कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

इन सब में से अगर एक भी लक्षण लम्बे समय तक लगातार बना रहे तो आपको सतर्क होने की ज़रूरत है। हम आपको पहले बता चुके हैं कि ये लक्षण सिर्फ वो सूचक हैं जो कई बार कैंसर होने की सम्भावना भर जताते हैं। ऐसे में बजाए इन्हें अनदेखा करने के या टाल-मटोल करने के आपको जल्द से जल्द जांच के लिए जाना चाहिए। आखिर जब आप कैंसर के लक्षणों को जानेंगे, सतर्क रहेंगे, तभी तो कैंसर से आगे रहेंगे।

कैंसर की जांच के क्या फायदे हैं, ये हम आपको अगले अंक में बताएंगे।

24-03-2019 को यहाँ वापस आना मत भूलिएगा।

रहो कैंसर से दो कदम आगे

घोषणा: यह जानकारी आज तक हुई शोध पर आधारित है।

www.rahocancerseaage.org